हरिभूमि
गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 17 अगस्त 2025

04 पौधारोपण के साथ हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

07 आजादी की वर्षगांठ का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया

समाचार संक्षेप

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के निर्देशन में रक्तदाता समूह अनुभाग चांचौड़ा, जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी एवं एसडीएम श्रीरवि मालवीय, तहसीलदार, चांचौड़ा, कुंभराज सीएमओ, सीईओ, बीईओ, सीडीपीओ, बीएमओ सहित अन्य अधिकारीगण सहित सभी समाजसेवी के सहयोग से कम्युनिटी हाल चांचौड़ा में 10वीं बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जिला चिकित्सालय गुना की ब्लड स्टोरेज यूनिट में एकत्रित रहेगा। साथ ही थैलीसीमिया, एनीमिया, दुर्घटना से ग्रसित मरीजों को आकस्मिक उपचार में काम आएगा। इस दौरान रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना अहम योगदान दिया। रक्तदान उपरांत सकल व्यापारी संगठन बीनागंज ने मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर रक्तदाताओं का सम्मान किया।

पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई की पुण्यतिथि एवं भाजपा के पितृ पुरुष ठाकरे की जयंती मनाई

आरोन ।भारत रत्न से सम्मानित पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्यतिथि के अवसर पर एवं भाजपा के पित्र पुरुष राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशवाऊ ठाकरे की जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुएप्रदेश कार्य समिति सदस्य देवेंद्र सिंह रघुवंशी हल्के नेताजी ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष लखनपुरी गोस्वामी सुरजीत धाकड़ विष्णु शर्मा जसवंत गोस्वामी मुन्ना लाल यादव विकास यादव सीताराम यादव छगनलाल तिवारी गोविंद ओझा धीरज सिंह आकाश रामेश्वर आदिकार्ये कर्ता उपस्थित रहे।

सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट ने मनाई स्वतंत्रता दिवस

आरोन। सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी हल्के नेताजी द्वारा ट्रस्ट के कार्यालय पर झंडा बंधन कर तिरंगा को सलामी दी। इस मौके उपस्थित जनों में रामवीर सिंह रघुवंशी रामस्वरूप लखनपुरी जी सरवन जैन लाखन सिंह वीरेंद्र पटेल सेपरा चंद्रभान याद आदि थे।

जिले में अब तक 1196.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

गुना । गुना जिले में 1 जून से अब तक 1191.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 113.5 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 832.4 औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 16 अगस्त 2025 प्रातः 8:00 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 1530.1 मिलीमीटर, बमौरी में 1370.4, आरोन में 932.0, राघौगढ़ में 1067.0, चांचौड़ा में 1130.0, कुम्भराज में 1060.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 1282.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 0.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वाहन अब होंगे हरदम मददगार

गुना पुलिस को मिले डायल-112 हाईटेक सुसज्जित 25 वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्यप्रदेश शासन की ओर से पुलिस विभाग को त्वरित सहायता हेतु आत्याधुनिक सुविधाओं से लेस डायल-112 के रूप में नई सौगात मिली है । अब तक उपयोग में लाई जा रही डायल-100 सेवा की जगह अब अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित डायल-112 वाहन आमजन को तुरंत सहायता प्रदान करेंगे ।

14 अगस्त को मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन डॉक्टर मोहन यादव द्वारा भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार से 1200 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर आवंटन अनुसार प्रदेश के सभी जिलों के लिए रवाना किया । गुना जिले के लिये 25 वाहन आबंटित होकर बिगत शाम गुना पहुंचे, जिनमें 12 स्कॉर्पियों एवं 13 बोलेरो वाहन हैं ।

गत 15 अगस्त 2025 को गुना पुलिस लाईन परिसर में पुलिस अधीक्षकअंकित सोनी द्वारा जिले को प्राप्त वाहनों का निरीक्षण कर उनमें दी गई आत्याधुनिक सुविधाओं को जाना एवं वाहनों में उपलब्ध आपातकालीन अपकरणों को बारीकी से जांचा गया एवं जिले में वाहनों के संचालन हेतु वाहनों में तैनात किये जाने वाले पुलिस फोर्स को आवश्यक प्रशिक्षण दिये जाने के निर्देश दिये । तदोपरांत पुलिस अधीक्षक सोनी के द्वारा वाहनों की विधिवत पूजा-अर्चना उपरांत वाहनों के काफिले को हरी झण्डी दिखाकर शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया एवं स्वयं भी फ्लेग मार्च में शामिल हुए, इस फ्लेग मार्च के माध्यम से नागरिकों में डायल-112 सेवा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया ।

हाईटेक डायल-112 वाहनों की विशेषताएं *

डाटा एनालिटिक्स एवं रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम डैशबोर्ड एवं बॉडी वर्न कैमरा से लैस इमरजैंसी में मिनी एंबुलेंस की सुविधा पहले की तुलना में और तेज़ क्विक रिस्पांस सभी आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता।

जिले में हुआ थानावार वाहनों का आबंटन

गुना कोतवाली-2, थाना केंट-3, बजरंगगढ़-1, बमौरी-1, म्याना-2, फतेहगढ़-1, सिरसी-1, राघौगढ़-2, आरोन-2, विजयपुर-1, धरनावदा-3, चांचौड़ा-2, कुम्भराज-1, मृगवास-1, जामनेर-1 एवं मधुसूदनगढ़ थाने को 1 वाहन आबंटित किया गया है । इन वाहनों की मदद से किसी भी आपात स्थिति—चाहे अपराध संबंधी हो, सड़क दुर्घटना हो अथवा स्वास्थ्य संबंधी आकस्मिकता हो, सूचना मिलते ही पीडित को तुरंत और प्रभावी सहायता मिल सकेगी ।

आपात स्थिति में निसंकोच डायल-112 नंबर पर करें कॉल

गुना पुलिस की सभी जिले वासियों से अपील है कि किसी भी घटना अथवा आपातकालीन स्थिति में निःसंकोच डायल-112 नंबर पर कॉल कर पुलिस की सहायता प्राप्त करें।

मदिरा शुष्क दिवस पर आबकारी विभाग की कार्रवाई, 58 पन्नी पाउच मदिरा से भरे हुए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना द्वारा स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में शुष्क दिवस के आदेश जारी किए गए थे l उक्त आदेश के परिपालन में एवं श्री संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी श्रीमति सीमा सक्सेना के मार्गदर्शन में दिनांक 15/08/25 को आबकारी वृत्त गुना 1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा ग्राम मुहालपुर में मुखबिर सूचना पर दबिश दी गयी l ग्राम मुहालपुर गुफा रोड़ पर एक व्यक्ति कच्ची हाथ भट्टी मदिरा को पन्नी पाउचो में भरकर बेच रहा था जिसे आबकारी की टिम ने घेरा बनाकर पकड़ लिया l पकड़ने के पश्चात उसने नाम पता संजीव पुत्र मर्दन सिंह धाकड़ निवासी मुहालपुर होना बताया l उसके कब्जे से 58 पन्नी पाउच पाये गए जो की लगभग 250 एम एल की धारिता में थे l उक्त मदिरा में से बहुत तेज गंध आने से एवं मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त होने से उक्त मदिरा का सैंपल FSL ग्वालियर के लिए बनाया गया l अतः उक्त व्यक्ति के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34i(a) एवं धारा 49(a) का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया l उसने बताया की वह उक्त मदिरा ग्राम झिर से लाता है l उसने कुछ नाम भी बताए हे जिसकी विवेचना जारी है l कार्यवाही मे प्रधान आरक्षक राम हेत सिंह कुशवाह, आरक्षक अरुण कुमार शर्मा आरक्षक राजेन्द्र कुमार पांडेय, महिला आरक्षक, जैमा एक्का की भूमिका सराहनीय रही । आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्यवाही में सजगता दिखा रहा है

जिले की खबरों पर एक नजर

केंद्रीय मंत्री सिंधिया के निर्देश पर बाढ़ प्रभावित गुना की शिव कॉलोनी–गोविंद गार्डन कॉलोनी का मार्ग 3 दिनों में होगा दुरुस्त

गुना/ग्वालियर। हाल ही में हुई अतिवृष्टि और बाढ़ से मध्यप्रदेश के गुना, शिवपुरी और अशोकनगर जिले गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। निरीक्षण के दौरान सिंधिया के संज्ञान में आया कि गुना शहर के वार्ड क्रमांक 29 स्थित शिव कॉलोनी से गोविंद गार्डन कॉलोनी तक जाने वाला मार्ग बाढ़ से पूरी तरह बाधित है। गहरे गड्ढों के कारण अब तक कई लोग दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल हो चुके हैं। यह मार्ग लगभग 10,000 निवासियों की जीवनरेखा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तुरंत समाधान हेतु निर्देशित किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि अगले 3 दिनों में इस मार्ग की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। गहरे गड्ढों की फिलिंग प्रक्रिया से आवागमन सुचारू किया जाएगा।जनता की सुरक्षा सर्वोपरि : सिंधियाकेंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनता की सुरक्षा और सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी नागरिक को बुनियादी सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

उपजोन स्तरीय एक दिवसीय युवा उन्नयन कार्यशाला

गुना। गायत्री शक्ति पीठ गुना पर रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में युवा प्रकोष्ठ गुना द्वारा एक दिवसीय युवा उन्नयन कार्यशाला आयोजित की जा रही है गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक सुनील सेन ने बताया है कि गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ गुना द्वारा एक दिवसीय युवा उन्नयन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें गुना,अशोक नगर, शिवपुरी राजगढ़ जिले के समस्त युवा प्रकोष्ठ के भाई बहन समलित होगे जो आगामी समय में 26 से 28 अक्टूबर 2025 में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा भोपाल में युवा चिंतन शिविर का आयोजन किया जाना है जिसमें अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा के आईकान आदरणीय डॉ चिन्मय पंड्या पधार रहे है इस कार्यक्रम में तीन से 04 हजार युवाओं की भागीदारी होगी , गायत्री शक्ति पीठ गुना पर एक दिवसीय उपजोंन स्तरीय युवा उन्नयन कार्यशाला रविवार को सुबह 09 बजे से 03 बजे तक सम्पन्न होगी । गायत्री परिवार के उपजोंन प्रभारी श्री महेश केवट जी , जिला समन्वयक सुरेन्द्र प्रजापति युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक सुनील सेन ,गायत्री परिवार ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी पी. एस चौहान , व्यवस्थापक ओ.पी. श्रीवास्तव, ने सभी से अपील की है कि एक दिवसीय युवा उन्नयन कार्यशाला में गुना में सभी चारों जिले से युवा प्रकोष्ठ के भाई बहन अवश्य भाग ले ।

बीनागंज कोल्ड चेन ऑपरेटर को मिशन संचालक एनएचएम भोपाल द्वारा बेहतर सेवाओं के लिए किया सम्मानित

गुना। जिले में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजकुमार ऋषिश्वर के कुशल मार्गदर्शन एवं बीएमओ डॉ राजेश कुमार पुष्पक के नेतृत्व में नरेंद्र शाक्य कोल्ड चेन ऑपरेटर को बेहतर सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। विकासखंड स्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज में कार्यरत नरेंद्र सिंह शाक्य एमपीडब्ल्यू जो कि वर्तमान में यूआईपी इंचार्ज के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, यूआईपी प्रबंधकीय और टीकाकरण कार्य में सराहनीय प्रयासों के लिये प्रदेश स्तर से उनका चयन किया गया। राज्य स्तर पर डॉ. सलोनी सिडाना एमडी एनएचएम भोपाल के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, प्रशंसा पत्र देकर नरेंद्र सिंह शाक्य का सम्मान किया। श्री शाक्य ने इस सम्मान के लिए जिला कलेक्टर श्री कन्याल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ऋषिश्वर, बीएमओ डॉ पुष्पक सहित संपूर्ण ब्लॉक का आभार माना है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन बनाए गए गुना के कांग्रेस जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पूर्व कैबिनेट मंत्री और वर्तमान में राघौगढ़ से कांग्रेसी विधायक पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के पुत्र जयवर्धन सिंह को कांग्रेस ने गुना का जिला अध्यक्ष बना दिया । चौंकाने वाली खबर पूरे इलाके में जंगल की आग की तरह फैल गई आश्चर्य मिश्रित भाव से चौराहों पर चर्चाओं का दौर भी चल पड़ा।अब कांग्रेसियों को समझ में नहीं आ रहा है कि वह इसे उपलब्धि मानकर खुशियां मनाएं या संगठन की बुद्धि पर अफसोस जताएं।

शनिवार को कांग्रेस ने प्रदेश में जिला अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। जिसमें जयवर्धन सिंह को गुना का जिला अध्यक्ष बनाया है। हालांकि सूची में ऐसे और भी कई नाम है जिन्हें विधायक होते हुए जिला अध्यक्ष बनाए गए । गॉड तालाब है कि लगभगदो महीने पहले कांग्रेस ने आब्जर्वर हर जिले में भेजे थे। उन्होंने नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर फीडबैक लिया था। साथ ही रायशुमारी भी की गई थी। हर विधानसभा में पहुंचकर आब्जर्वर ने कार्यकर्ताओं से राय ली थी।

इसके बाद अध्यक्षों की घोषणा की गई है लेकिन जयवर्धन सिंह का नाम जिला अध्यक्ष के लिए किसी ने सुझाया होगा यह बात कांग्रेसियों को हजम नहीं हो रही।अंदरूनी तौर पर तो कोई भी कांग्रेस जन खुश नहीं है और इसे अपने चाहते नेता का अपमान बता रहे हैं लेकिन ओन कैमरा कुछ भी कहने से अपने आप को बचा रहे हैं ।दरअसल जयवर्धन सिंह की हैसियत प्रदेश में किसी से छुपी नहीं है । संगठन के स्तर पर उनकी एक उभरते हुए बड़े नेता के रूप में पहचान बनती जा रही थी और आगामी भविष्य में उनको प्रदेश संगठन की कमान कांग्रेस के द्वारा दिए जाने के कयास लगाए जाने लगे थे ।लेकिन अचानक ऐसे व्यक्ति को जिसके एक इशारे पर संगठन में लोगों को जिला अध्यक्ष ही नहीं उच्च स्तर के पदाधिकारी बनवाए जाने की ताकत मानी जाती हो उसे सिर्फ जिला अध्यक्ष तक की जिम्मेदारी में समेट दिया जाए यह राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का विषय बना हुआ है ।इस घटना को लेकर संगठन के उच्च स्तरीय करता धर्ता हाशीए पर हैं कि आखिर कांग्रेस किस दिशा में जा रही है और इस तरह के निर्णय लेकर आखिर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम क्यों कर रही है। लोगों का मानना है कि इस निर्णय से कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित नहीं होगा बल्कि हातोत्साहित होगा।

हर्षोल्लास, धूमधाम व गरिमामय ढंग से मना 79वां स्वतंत्रता दिवस

रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बही देशभक्ति व लोकरंगों की धारा

›› कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने मुख्य समारोह में किया ध्वजारोहण
›› विधायक शाक्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण हुए समारोह में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में गौरवशाली भारतवर्ष का 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, धूमधाम एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। परेड ग्राउंड गुना पर आयोजित हुए जिले के मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली।

प्रातः ठीक 8:55 बजे शुरू हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने ध्वजारोहण के पश्चात एक खुले परेड वाहन में पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के साथ सवार होकर संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। इस बार जिले के मुख्य समारोह में मुख्यंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा बधाई संदेश का वाचन किया। कलेक्टर श्री कन्याल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए खुले आसमान में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़े। मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल शहीदों के परिजनों व लोकतंत्र सेनानियों को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा मनोहारी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर किशोर कन्याल एवं विधायक गुना पन्नालाल शाक्य मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के तहत आयोजित हुए विशेष भोज में भी शामिल हुए। उन्होंनें शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालक कैंट में बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोज का आनंद लिया।

जिलेभर में मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, मंदिरों में हुई विशेष सजावट

यादव समाज ने शोभायात्रा निकाली, हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर में यादव समाज के द्वारा बड़े उत्साह और उल्लास के साथ अपने आराध्य देव भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में यादव समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा-चल समारोह निकाला गया जिसका नगर में अनेकों स्थानों पर नगर के विभिन्न समाजसेवी समाजजनों के अलावा सामाजिक संगठनों ने भी पलक-पांबड़े बिछाकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में निकाले गए भव्य जुलूस का पुष्पवर्षा करते हुए विभिन्न पेय पदार्थों के साथ स्वागत किया गया । इस जुलूस में शामिल भी हुए। हाथी-घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयघोष के साथ पूरा नगर गुंजायमान रहा। इस दौरान नृत्य सभी के बीच आकर्षण का केन्द्र रहा। इसके पश्चात चल समारोह समापन स्थल लक्ष्मीगंज में एक सभा के रुप में हुआ। वहीं हर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। शहर के मुख्य मार्गो से एक शोभा यात्रा निकाली गई जिसका नागरिकों ने स्वागत किया सदर बाजार में बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल के द्वारा शोभायात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया और फल वितरण करके जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। नगर में सर्व यादव समाज के द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा चल समारोह का यात्रा प्रारंभ स्थल गायत्री मंदिर से प्रारंभ हुआ जिसमें पैदल, चार पहिया वाहन सहित ट्रेक्टर आदि पर सवार होकर यदुजनों के द्वारा डीजे-ढोल और बैण्डों की धुनों पर भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष करते हुए भव्य चल समारोह निकाला। इस चल समारोह में यादव समाज के विभिन्न घटकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में यदुजनों ने सहभागिता की। दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों सहित जिला मुख्यालय से बड़ी संख्या में यदुजन शोभायात्रा में अपने परिजनों के साथ शामिल हुए।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण कर मिठाई बांटी गई

गुना। 79 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद गुना द्वारा नगर पालिका कार्यालय में ध्वजारोहण कर मिठाई बांटी गई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने ध्वजारोहण किया एवं सभी अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाकर भारत माता के जयकारे लगाए। इसके पश्चात सभी अधिकारी- कर्मचारी गण बापू पार्क पर एकत्रित हुए जहां राष्ट्रपिता को माल्यार्पण करने के पश्चात प्रभात फेरी निकाली गई, जो लक्ष्मीगंज होते हुए शास्त्री पार्क पहुंची। जहां पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री को सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने माल्यार्पण किया। इसके पश्चात शास्त्री पार्क में सुभाष मंच पर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं नगर को संबोधित किया। नपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी ने भी स्वतंत्रता दिवस की सभी को शुभकामनाऐ दी। आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने व्यक्त किया। सुभाष मंच पर आए स्कूली छात्र-छात्राओं को नगर पालिका द्वारा बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता, पार्षद कैलाश धाकड, बृजेश राठौर,सहायक यंत्री शैलेन्द्र अवास्या,उपयंत्री सुनील कुमार जैन, नितिन चंदेल व अनेक विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित हुए।

समाचार संक्षेप

लव कुश जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

आरोन। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कुशवाहा समाज द्वारा लव कुश जयंती का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर एक भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसकी शुरुआत श्री राम जानकी मंदिर, कुशवाहा समाज मठ मोहल्ला से हुई।चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों—घोसी मोहल्ला, पुरानी गल्ला मंडी, बस स्टैंड, दास हनुमान चौराहा, मेंन मार्केट, स्टेट बैंक चौराहा और इंदिरा पार्क से होता हुआ श्री राम रघुवंशी धर्मशाला में पहुंचा।आयोजन में सबसे आगे बैंड-बाजे की मधुर धुनों और भजनों की गूंज थी। उनके पीछे अखाड़ा दल अपने करतबों का प्रदर्शन करते हुए चल रहा था, जबकि भजन मंडली भक्ति गीतों से वातावरण को धार्मिक रंग में रंग रही थी। प्रसार-प्रचार रथ भी शामिल था, जिसके पीछे आकर्षक लव-कुश की झांकी सजाई गई थी।इस चल समारोह में न केवल आरोन नगर बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों, जिले तथा अन्य जिलों से आए कुशवाहा समाज के बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन की भव्यता में चार चांद लगाए।

सेंटजॉर्ज विद्यालय ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

पौधारोपण के साथ हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर में संचालित शैक्षणिक संस्था सेंटजॉर्ज हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जिसमें विद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार सक्सेना द्वारा सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया गया ,राष्ट्रगान के साथ बच्चों ने देश भक्ति के नारे लगाए ,शिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रेरणा संदेश दिए गए जिसमें विद्यालय प्रबंधन से केशव यादव सर द्वारा छात्रों को अच्छी शिक्षा और स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया , वहीं शिक्षिका ऋषिका शर्मा ने बच्चों को उद्बोधन देते हुए कहा की एक तरफ देश के वीर जवान अपने प्राण दांव पर लगाकर सीमा सुरक्षा में खड़े हैं तो हमे भी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।शिक्षक ताहिर खान ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताते हुए कहा की यदि हम शिक्षित होंगे तो कोई भी हमें गुलाम नहीं बना सकता।। शिक्षा से ही हम अपना और अपने देश का मान बड़ा सकते हैं।विद्यालय के शिक्षक मुकुल शर्मा द्वारा वीर शहीदों को याद करने और उनके जीवन संघर्ष को पढ़ने का संदेश विद्यार्थियों को दिया गया।तत्पश्चात विद्यालय में फैंसी ड्रेस प्रतियगिता हुई जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक के बच्चे भगत सिंह,रानी लक्ष्मी बाई,महात्मा गांधी, और सुभाषचंद्र बोस आदि महापुरुषों की आकर्षक वेशभूषा में नजर आए।।विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने चित्रकला के माध्यम से अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानीयों की आकर्षक पेंटिंग बनाई।।वहीं सीनियर छात्रों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए समान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।।जिसमें सभी शिक्षकों ने अपने मार्गदर्शन से बच्चों में रचनात्मकता और राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना जगाने का कार्य किया। अंत में विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया जिसमें पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प विद्यालय प्रबंधन द्वारा लिया गया।।

शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर एसडीम ने किया ध्वजा रोहण अधिकारियों का किया फूल मालाओं से स्वागत

आरोन। स्वतंत्रता दिवस के शुभअवसर पर वर्धमान कंपलेक्स में स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान वार्ड क्रमांक 13,14,15 आरोन की संस्था पर 79 वे स्वतंत्रता दिवस पर प्रातः 8:00 बजे एसडीएम महेश कुमार बमनाहा एवं नायब तहसीलदार अमित जैन व समाजसेवी पत्रकार रुस्तम खान और कंट्रोल संचालीका श्रीमती अनीता जैन की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति दी गई इस अवसर पर कंट्रोल संचालीका श्रीमती अनीता जैन ने स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं एवं अधिकारियों का फूल मालाओं से सम्मान किया गया कार्यक्रम के अंत में समाज सेवी पत्रकार रुस्तम खान ने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया

इस अवसर पर- राजवीर रघुवंशी ठेकेदार, पूर्व पार्षद दौलत खटीक, बाला प्रजापति, पार्षद माशूक जैन, सुनील पाठक,लखन रघुवंशी,श्याम टांडेल, भूपेंद्र ओझा बंटी राजपूत पत्रकार,दीपक सोलंकी ठेकेदार, सेल्समेन सोनू जैन, शशांक जैन , मोनू जैन भाई जी,श्रीमती मोहिनी जैन, मानसिंह सिलावट सहितअनेक लोग मौजूद रहे।

कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सोनी ने किया ध्वजारोहण, कार्यकर्ताओं को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल सोनी ने ध्वजारोहण किया एवं सभी कार्यकर्ताओं को 79 वे स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी एव सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी एक दूसरे को भी शुभकामनाएं दी एवं मिठाइयां बांटी गई कार्यक्रम से पूर्व उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के

चित्र पर दीप प्रज्जलित करते हुए पुष्प सुमन अर्पित किए ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रामबाबू शर्मा विष्णु प्रसाद दुबे नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन मुलायम अली महिला कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती देवी अहिरवार सहित ने देश के लिए बलिदान देने वाले देश भक्तों को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित वक्ताओं ने सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूत किस प्रकार करना है, उस पर जोर दिया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोपाल सोनी रामबाबू शर्मा नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन किशन लाल शर्मा पार्षद मूलचंद भोरे पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव महावीर सिंह देवरी शिवकुमार उपरिंग योगेश शर्मा मनीष जैन कंसल तीरथ सिंह पार्षद रामेश्वर साहू पार्षद मंटू जैन पार्षद बृजमोहन सिंह यादव पार्षद हिम्मत सिंह कुशवाह बंटी राजपूत अरविंद साहू डाक्टर नीलेश जैन सचिन उपाध्याय कमल सिंह प्रजापति फारुख बेग लोकेंद्र सिंह रघुवंशी हरवीर सिंह रघु राजू राजपूत सहित समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं समस्त संगठनों कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में नगर के नागरिक मौजूद रहे। मंच संचालन पुत्तन तोमर दाऊ ने किया।

आचार्य पीसी रॉय कॉन्वेंट स्कूल में मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर में स्थित आचार्य पी सी रॉय कॉन्वेंट स्कूल आरोन में स्वतंत्रता दिवस पूरे सम्मान और गरिमा के साथ मनाया गया।सर्वप्रथम इस अवसर पर देश के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का ध्वजारोहण किया गया।ध्वजारोहण नगर के वरिष्ठ पत्रकार लखनसिंह रघुवंशी ने किया मुख्य अतिथि लखन सिंह रघुवंशी ने छात्र छात्राओं एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कि आज का दिन प्रत्येक देश वासी के बहुत गर्व का दिन है।क्योंकि आज ही के दिन स्वतंत्रतासंग्राम सेनानियों, क्रांतिकारियों के अथक प्रयास से आज ही के दिन हमारा देश अंग्रेजो की गुलामी से आजाद हुआ था। हमें हमारे देश की एकता ,अखंडता और प्रभुता की रक्षा जी जान से करना है। इसके पश्चात सभी छात्र छात्रा रैली के रूप में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने हेतु तहसील प्रांगण पहुंचे।एवं देश भक्ति से ओत प्रोत सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा किया गया। जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

कांग्रेस ने राजेन्द्र कुशवाह पर भरोसा जताया

अशोकनगर। मप्र कांग्रेस ने सभी जिलों में जिला अध्यक्षों की घोषणा की है। इसे प्रदेश में राहुल टीम के रूम में जाना जा रहा है। अशोकनगर जिला अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र कुशवाह को जिले की कमान सौंपी गई है। इससे पहले अशोकनगर जिले में दो जिला अध्यक्ष ग्रामीण और शहरी बनाए गए थे जिसमें राजेन्द्र कुशवाह को शहरी अध्यक्ष बनाया गया था। इस बार उन्हें अशोकनगर जिले का सम्पूर्ण अध्यक्ष बनाया गया है। वैसे तो जिला अध्यक्ष की टीम में कईं चेहरे शामिल थे लेकिन पिछले विधानसभा के चुनाव में अशोकनगर सीट से कॉग्रेस के हरीबाबू राय चुने गए थे। जिसे प्रदेश कॉग्रेस ने अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र में कॉग्रेस की अच्छी परफोर्मेंस के रूप में माना है। लेकिन जब नगरपालिका के चुनाव आए तब इन चुनावों में कॉग्रेस का परफोर्मेंस अच्छा नहीं रहा था। उस समय अगर सही तरीके से टिकटों का वितरण होता तो कॉग्रेस नगरपालिका के चुनाव में भी अपना बहुमत सावित कर सकती थी। राजेन्द्र कुशवाह को जिला कॉग्रेस की कमान मिली है। उसके पीछे भी बहुत सारे राजनैतिक गणित हैं। पहला गणित तो यही है अशोकनगर जिला कॉग्रेस की राजनीति की दृष्टि से जब तक सिंधिया थे तब तक उनके प्रभाव का क्षेत्र कहा जाता था जबसे सिंधिया भाजपा में गए हैं। तब से यह क्षेत्र कॉग्रेस की दृष्टि से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के प्रभाव का क्षेत्र कहा जाता है और कॉग्रेस के यहां एक क्षत्र नेता जयवर्धनसिंह है। राजेन्द्र कुशवाह के पिता स्वं. बलवीर सिंह कुशवाह अशोकनगर से विधायक रह चुके हैं।







क्रमांक/गणतंत्र दिवस/2025/4269
cmoashoknagar@mpurban.gov.in
अशोकनगर, दिनांक : 12 अगस्त 2025
PH.: 07543-222811

कार्यालय नगर पालिका परिषद
अशोकनगर (म.प्र.)

नगर पालिका परिषद् अशोकनगर की ओर से गणतंत्र दिवस
26 जनवरी 2025 एवं भारत पर्व की समस्त नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं

।। अपील ।।
01. अपने घरो का कचरा नियत स्थान पर या नगर पालिका द्वारा चालाएं जा रहें वाहनो में ही डालें। 02. जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अवश्य करवें। 03. नगरपालिका में करों का भुगतान समय पर कर सहयोग प्रदान करें। 04. पानी फालतु न बहायें नलों में टोटियां अवश्य लगावें। 05. पर्यावरण के कारण वृक्ष अधिक से अधिक संख्या में लगावें।

79 वें समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं

नीरज मनोरिया
नगर पालिका अध्यक्ष
श्रीमति रीना मनोज शर्मा
नगर पालिका उपाध्यक्ष
विनोद उन्नीतान
सीएमाओ

समस्त पार्षद नगर पालिका अशोकनगर

01. श्रीमति निक्की मोनू रघुवंशी वार्ड क्रं. 01
02. प्रमेन्द्र तायडे जार्ज । वार्ड क्रं.02
03. हेमलता धर्मेन्द्र रघुवंशी। वार्ड क्रं.05
04. डॉ जयमंडल यादव। वार्ड क्रं.04
05. आशुतोष देवलिया। वार्ड क्रं.05
06. धर्मेन्द्र रघुवंशी सावन । वार्ड क्रं.06
07. कृष्णादेवी संजीव जाटव । वार्ड क्रं.07
08. गीता देवी आर्य। वार्ड क्रं.08
09. मनजीत गोविंद सिंह संधु । वार्ड क्रं. 09
10. शहनाजबानो पप्पू टेलर। वार्ड क्रं. 10
11. राशिद खांन चिन्ना। वार्ड क्रं. 11
12. श्रीमति रचना मनीष। वार्ड क्रं. 12
13. विपिन शिवहरें। वार्ड क्रं. 13
14. श्रीमति शशीबाई गोपाल ओझा। वार्ड क्रं. 14
15. श्रीमति रवि राजकुमार। वार्ड क्रं. 16
16. श्रीमति किरण राजेंद्र कुशवाह। वार्ड क्रं. 17
17. रितेश जैन आजाद । वार्ड क्रं. 18
18. श्रीमति शालिनी योगेश खेरा। वार्ड क्रं. 20
19. महेन्द्र भारद्धाज । वार्ड क्रे. 21
20. श्रीमति आयुषी सत्तू लोधी। वार्ड क्रं. 22

कलेक्टर ने फहराया ध्वज, परेड का किया आयोजन

आजादी की वर्षगांठ धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर में आयोजित 79 वां स्वतंत्रता दिवस जिले में पूरे धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन पुलिस परेड ग्राउण्ड अशोकनगर में आयोजित किया गया। मुख्य समारोह में कलेक्टर आदित्य सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान का गायन हुआ। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर आदित्य सिंह ने पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के साथ खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली। परेड की टुकडियों द्वारा राष्ट्रधुन के साथ हर्ष हायर किये गये। समारोह में परेड कमाण्डर अजीत नरवरिया एवं टू आई सी सूबेदार आईना सहिबा के नेतृत्व में परेड की टुकड़ियों द्वारा भव्य एवं आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। परेड की 11 टुकड़ियां एक-एक करके मंच के सामने से कदमताल करते हुए निकलीं। मार्चपास्ट में एस.ए.एफ. 26वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, जिला महिला पुलिस बल, नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर का एनसीसी दल,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का गाईड दल, राव माधव स्कूल का स्काउट दल,ब्राईट मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल का स्काउट दल,महिला एवं बाल विकास विभाग का शौर्य दल,वर्धमान हायर सेकेण्डरी स्कूल का स्काउट दल एवं शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय का स्काउट दल तथा पुलिस बैंड का दल ने भाग लिया। मुख्य अतिथि द्वारा परेड के सभी कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा रंग बिरंगे गुब्बारे खुले गगन में छोड़े गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री के संदेश लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी कमलसिंह रघुवंशी का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्य समारोह में 350 बच्चों ने अनुशासन एवं एकाग्रता को रेखांकित करते हुए सामूहिक पी.टी. के माध्यम से विभिन्न 16 मुद्राओं का प्रदर्शन किया। मुख्य समारोह में देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। संस्कृति हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों द्वारा शौर्य, संस्कृति एवं विरासत पर आधारित सामूहिक नृत्य,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर द्वारा लहराता है परचम,हर दिशा में ऐसा केसरिया भारत है मेरा पर आधारित सामूहिक नृत्य, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर द्वारा अमर शहीदों की स्मृति पर आधारित सामूहिक नृत्य नाटिका,ब्राईट मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल के बच्चों द्वारा मेरा भारत एक अनोखी यात्रा आधारित सामूहिक नृत्य,संदीपनि हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा अमर शहीदों पर आधारित सामूहिक लोक नृत्यों की प्रस्तुति, वर्धमान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा सैन्य शक्ति का प्रदर्शन, ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर हुए पुरस्कृत

मुख्य अतिथि द्वारा परेड में भाग लेने वाली टुकड़ियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सीनियर ग्रुप में वर्दीधारी जिला पुलिस बल को प्रथम, एस.ए.एफ. 26 वीं बटालियन दल को द्वितीय, जिला पुलिस बल महिला को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। परेड में जूनियर ग्रुप में महिला एवं बाल विकास के शौर्य दल को प्रथम,राव माधव हायर स्कूल के स्काउट दल को द्वितीय,शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्काउट दल को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ब्राईट मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल के दल को प्रथम, वर्धमान हायर सेकेण्डरी स्कूल के दल को द्वितीय तथा शासकीय सांदीपनि हायर सेकेण्डरी स्कूल के दल को तृतीय पुरूस्कार प्रदान किया गया। सांत्वना पुरूस्कार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को प्रदान किया गया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिले के विभिन्न विभागों, पुलिस विभाग, खिलाड़ियों, समाजसेवियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव,चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी,अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय,जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक विधायक जजपाल सिंह जज्जी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे एवं पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता महेन्द्र कुमार जैन तथा एपीसी अभिषेक चौधरी ने किया।

लायंस हेल्पिंग हैंड ने ब्रह्मकुमारी दीदी के आश्रम में मनाया स्वतंत्रता दिवस

अशोकनगर। लायंस हेल्पिंग हैंड ने लायन सुनीता जैन की अध्यक्षता में ब्रह्मकुमारी दीदी के आश्रम पर मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस। कार्यक्रम के संयोजक रहे पीएमजेफ वैशाली सलूजा एवं सचिव रानी अहिरवार। कार्यक्रम में बीके लीला दीदी की अगवानी में झंडा फहराया गया। पास की गरीब बस्ती से आए बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी।सभी ने मिल कर राष्ट्रगान गाया और भारत माता की जय जयकार के नारे लगाए। सभी ने अच्छा नागरिक बनने की शपथ ली एवं सच्चाई के रस्ते पर चल भारत माता का मान बढ़ने का संकल्प लिया। लायन वैशाली सलूजा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस विद्यार्थियों को स्वतंत्रता, एकता और बलिदान का मूल्य सिखाता है। यह उन्हें राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्य की याद दिलाता है।

79 वें समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं

1. पानी की एक एक बूंद का उपयोग करें पानी व्यर्थ न बहाएं।
2. कस्बे को साफ सुंदर और स्वच्छ बनाने में सहयोग दें।
3. करो का भुगतान समय पर करें
4. शासन की योजनाओं का लाभ ले
5. नगर को हरा भरा बनाने के लिए एक पेड़ अवश्य लगाए।

अशोक माहोर
अध्यक्ष
संगीता अरविन्द रघुवंशी
उपाध्यक्ष
शमशाद पठान
सीएमओ

समस्त पार्षद नगर परिषद शाढौरा जिला अशोकनगर

अशोकनगर शासकीय उत्कृष्ट उत्तर माध्यमिक विद्यालय के इतिहास में पहली बार किसी महिला को प्राचार्य बनाए जाने पर सभी विद्यालय के स्टाफ द्वारा कलेक्टर अशोकनगर एवं जिला शिक्षा अधिकारी अशोकनगर का हार्दिक आभार और

79 वें समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं

शासकीय उत्कृष्ट उत्तर माध्यमिक विद्यालय परिवार अशोकनगर

79 वें समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं

वर्ष 2024-25 में हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा परिक्षा परिणाम 38% से बढ़कर 88% प्रतिशत बालिकाओं के लिए पुरे जिले में अग्रेजी माध्यम का एकमात्र स्कूल ।
वर्ष 2025-25 में हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा का परिणाम 52% से बढ़कर 92% रहा ।

एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत 40 पौधों का रोपण किया गया ।

शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल अशोकनगर की उपलब्धियां

79 वें समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं

राजपुर मंडल
अध्यक्ष
गोरेलाल कुशवाहा

79 वें समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं

डॉक्टर जयकृत सिंह
ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर स्वास्थ्य विभाग शाढौरा जिला अशोकनगर

79 वें समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की शुभकामनाएं

जगन्नाथ सिंह रघुवंशी

मा. ज्योतिरादित्य सिंधिया
केन्द्रीय मंत्री

निवेदक : जगन्नाथ सिंह रघुवंशी मित्र मंडल, चंदेरी

अपील :
सभी देशवासियों को
1. समस्त नगारिकों से अनुरोध है कि नगर को साफ स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सहयोग करें।
2. अपने नल कनेक्शन में टोटियां लगाकर रखें। पानी व्यर्थ ना बहायें।
3. अपने बकाया करों का भुगतान समय पर करें।
4. शासकीय भूमि पर अतिक्रमण ना करें।
5. भवन निर्माण की अनुमति लेकर ही निर्माण कार्य करें।
6. अपने मकान निर्माण का मटेरियल आम रास्ते में ना रखें।
15 अगस्त
की हार्दिक शुभकामनाएं!
"हर घर तिरंगा"
"हर घर स्वच्छता"
देवबाई खटीक
अध्यक्ष
राजेश कुमार टॉक
उपाध्यक्ष
हरिओम शर्मा
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
सौजन्य : नगर परिषद छापीहेड़ा

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आपके नेतृत्व में क्षेत्र तरक्की के नए आयाम छू रहा है, ईश्वर से प्रार्थना है कि आपका जीवन सदा खुशियों और सफलता से भरा रहे।
क्षेत्र के लाडले, लोकप्रिय विधायक
श्री मोहन जी शर्मा 'दादा'
को जन्मदिन की हार्दिक-हार्दिक बधाई
भार साधक
सुनीता कुमारी
सचिव
रामप्रसाद राज
योजना : मण्डी प्रांगण में स्वच्छता का रखें ध्यान।
मण्डी प्रांगण में किसानों के अनाजों का नगद भुगतान।
किसान ई-मण्डी का उपयोग कर अनाज का क्रय करें।
सौजन्य : कृषि उपज मण्डी, कुरावर

15th August
INDEPENDENCE DAY
सरपंच – मुकेश नागर
सचिव – रामलाल मालवीय
समस्त ग्रामवासियों एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की बधाई शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत टूनी जनपद राजगढ़
जिला – राजगढ़


न पूछो जमाने को,
क्या हमारी कहानी है,
हमारी पहचान तो सिर्फ ये है
कि हम सिर्फ हिंदुस्तानी है
15th August
INDEPENDENCE DAY
गोकुल मंडलोई
संकुल प्राचार्य
अविभावकों, विद्यार्थियों एवं समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की बधाई शुभकामनाएं
शासकीय उ मा वि चाटूखेड़ा
ब्लॉक राजगढ़

INDEPENDENCE DAY
अपील– गांव को स्वच्छ रखने में मदद करें
जन्म एवं मृत्यू का पंजीयन करवाए
शासन की योजनाओं का लाभ लें
राजकुमारी बाई सरपंच
समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की ढेर सारी बधाई शुभकामनाएं
अर्जुन वर्मा
सरपंच प्रतिनिधि
प्रदीप जाटव
सचिव
विष्णु जारेवाल
रोजगार सहायक
ग्राम पंचायत जंगीबड नरसिंहगढ
जिला राजगढ मप्र

संजय भिलाला
सरपंच
शरीफ मंसूरी
सचिव
इंदरसिंह नागर
रोजगार सहायक
गांव को स्वच्छ बनाने में सहयोग दें, शासन की जनहितैषी एवं लाभकारी योजनाओं का लाभ लें
15th August
INDEPENDENCE DAY
जिलेवासियों ग्रामवासियों एवं समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की बधाई शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत पीपलखेड़ा
ब्लॉक राजगढ़

समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की ढेर सारी बधाई शुभकामनाएं
राधेश्याम अहिरवार
अध्यक्ष, पटवारी संघ
पटवारी संघ ब्यावरा
जिला राजगढ मप्र

श्रीकृष्णजन्माष्टमी की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
गोपाल यादव
संस्था संरक्षक
सुषमा ओपी यादव
डायरेक्टर
अनिल शर्मा
प्राचार्य
आर एन तिवारी
प्राचार्य
सर्वोदय महाविद्यालय एवं विद्यालय तलेन, राजगढ मप्र

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
स्वतंत्रता दिवस
की ढेर सारी बधाई शुभकामनाएं
सामान्य प्रशासन राजगढ़

देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई शुभकामनाएं
अपील – गांव के विकास में अपना सहयोग करें। जन्म एवं मृत्यू का पंजीयन कराएं शासन की योजनाओं का लाभ लें
नवीन कुमार
सरपंच
15th August
INDEPENDENCE DAY
दीवान सिंह गोस्वामी
सरपंच प्रतिनिधि
सुरेन्द्र सिंह भाटी
सचिव
राकेश कुमार जाटव
रोजगार सहायक
ग्राम पंचायत अमलार जनपद नरसिंहगढ़
जिला राजगढ मप्र

न पूछो जमाने को,
क्या हमारी कहानी है,
हमारी पहचान तो सिर्फ ये है
कि हम सिर्फ हिंदुस्तानी है
15th August
INDEPENDENCE DAY
मनोहर जायसवाल
प्राचार्य
जिलेवासियों, अविभावकों एवं विद्यार्थियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाईयां
समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की ढेर सारी बधाई शुभकामनाएं
अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शा बालक
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर

देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई शुभकामनाएं
अपील – गांव के विकास में अपना सहयोग करें। जन्म एवं मृत्यू का पंजीयन कराएं। शासन की योजनाओं का लाभ लें।।।
15th August
INDEPENDENCE DAY
श्रीमति भंवरी बाई सरपंच
जगन्नाथ सिह सरपंच प्रतिनिधि
गजराज सिंह राजपूत
सरपंच प्रतिनिधि
विक्रम सिंह राजपूत
सचिव
धर्मेंद्र सिंह लववंशी
रोजगार सहायक
ग्राम पंचायत टिकरिया जनपद नरसिंहगढ़
जिला राजगढ मप्र

15th August
INDEPENDENCE DAY
प्राचार्य – राजेश शर्मा
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की बधाई शुभकामनाएं
शा कन्या उ मा वि छापीहेड़ा
जिला – राजगढ़

समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की ढेर सारी बधाई शुभकामनाएं
श्री जे के ठाकुर
कार्यपालन यंत्री, सुठालिया सिंचाई परियोजना
सुठालिया सिंचाई परियोजना
जिला राजगढ मप्र

संस्था प्रभारी – बद्रीलाल दांगी
प्राथमिक सहकारिता विपणन समिति बखेड
की ओर से समस्त ग्रामवासियों एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की बधाई शुभकामनाएं
प्राथमिक सहकारी विपणन समिति बखेड
जिला – राजगढ़

समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की ढेर सारी बधाई शुभकामनाएं
सीबीएमओ – डॉ शेख जलालउद्दीन
सिविल अधीक्षक – डॉ सोरेन दत्ता
सिविल अस्पताल ब्यावरा
जिला राजगढ मप्र

संस्था प्रभारी – रामप्रसाद शर्मा
केंद्रीय सहकारिता मर्यादित समिति खुजनेर
की ओर से समस्त ग्रामवासियों एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की बधाई शुभकामनाएं
प्राथमिक सहकारी विपणन समिति खुजनेर
जिला – राजगढ़